जेडीएमसी में प्रतिभा सेंटर फॉर फाउंडेशन क्लासेज शुरू

By **admin** - July 7, 2018

जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज (जेडीएमसी), दिल्ली विश्वविद्यालय, इंटरनल क्वालिटी एशुरेंस सेल पहल के तहत प्रतिभा सेंटर फॉर फाउंडेशन क्लासेज, एम डी जुबेर अहमद और डॉ. कुश कुमार गयासेन के संयोजन के तहत पहली जुलाई 2018 से शुरू हुआ। फाउंडेशन क्लासेज का आयोजन जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज के स्नातक छात्रों, जेडीएमसी के साथ पंजीकृत नौन-कॉलेजिएट महिला शिक्षा बोर्ड (एनसीडब्ल्यूईबी) के छात्रों के साथ साथ जेडीएमसी के पूर्व छात्रों के लिए किया गया है। इस प्रकार के क्लासेज कॉलेज में पहली बार आयोजित किए जा रहे हैं और 55 छात्रों ने इसके लिए पंजीकृत किया है।
वैसे छात्रों ने फाउंडेशन क्लासेज का चयन किया है, जो यूपीएससी, राज्य लोक सेवा आयोग, एसएससी आदि द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं और बीएड तथा एलएलबी जैसी प्रवेश परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने का लक्ष्य रखते हैं। इन क्लासेज का उद्देश्य परीक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण विषयों के बारे में आधारभूत ज्ञान प्रदान करना है, और छात्रों को स्वयं से ही अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए उन्मुख करना है। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के सामान्य अध्ययन के घटक को ध्यान में रखते हुए व्याख्यान के लिए विषयों का चयन किया गया है। विभिन्न विषयों के व्यापक क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण पाठ्यक्रम को 50 व्याख्यानों में बांटा गया है। कक्षाएं सिविल सेवा परीक्षा के सफल उम्मीदवारों के साथ-साथ कॉलेज के विभिन्न विभागों के अध्यापकों द्वारा ली जा रही हैं।
जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ स्वाती पाल द्वारा सेंटर फॉर फाउंडेशन क्लासेज का उद्घाटन कॉलेज के स्टाफ ऐड्वाइजर डॉ. जयंती साहू और डॉ. सिपु जयस्वाल की उपस्थिति में किया गया। डॉ. पाल ने इस मौके पर फाउंडेशन क्लासेज के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने इस प्रकार की रचनात्मक पहल को छात्रों के भविष्य में आने वाले विभिन्न करियर अवसरों के लिए एक मंच प्रदान करने वाला बताया। डॉ. पाल ने अगले वर्ष से इन कक्षाओं में दिल्ली विश्वविद्यालय के अन्य कॉलेजों के छात्रों को भी प्रवेश देने की घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में फाउंडेशन क्लासेज के संयोजकों में से एक डॉ. कुश

कुमार गयासेन ने छात्रों के साथ इन कक्षाओं की संरचना तथा इसकी विस्तृत रूपरेखा के बारे में चर्चा की और इससे जुड़ी अन्य सूचनाओं से उन्हें अवगत कराया।

admin